अत्यावश्यक

पंचायत उप-निर्वाचन, 2023

सत्यमेव जयते

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या - पं.नि. 30-94/2016 - 4230

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सचिव,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार।
सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)

पटना, दिनांक - 14.12.23

विषय : पंचायत उप निर्वाचन, 2023 : मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अन्दर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 3923 दिनांक 14.09.2021 एवं पत्रांक 4072 दिनांक 04.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायत उप निर्वाचन हेतु आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 4072 दिनांक 04.12.2023 द्वारा निदेश दिये गये हैं जिसके अनुसार **मतदान दिनांक 28.12.2023 एवं मतगणना दिनांक 30.12.2023** को निर्धारित है।

आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 3923 दिनांक 14.09.2021 द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के अवसर पर मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अन्दर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत करने के संबंध में निदेश दिये गये थे। सुलभ सन्दर्भ हेतु पत्र संलग्न है। सन्दर्भित पत्र की कंडिका -5 के वाक्यांश - ``विभाग उन्हीं मिडिया कर्मी का नाम अग्रसारित करेगा जिनकी मौलिकता (Genuineness) के संबंध में वह आश्वस्त हो तथा वह पी.आई.पी. द्वारा मान्यता प्राप्त (Accredited) विभाग द्वारा प्राधिकार पत्र निर्गत किये जाने की अनुशंसा युक्तियुक्त संख्या के अधीन ही की जानी चाहिए" को क्षान्त समझा जाये।

वर्तमान में पंचायत उप निर्वाचन, 2023 सम्पन्न कराये जा रहे हैं। प्रासंगिक पत्र के आलोक में पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के निमित्त भी प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के अवसर पर मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अन्दर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत किये जायेंगे।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

13.12.23

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

14/12/23

सचिव।

ज्ञापांक -प.नि. 30-94/2016 - 4230 पटना, दिनांक - 14.12.23

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।

14/12/23

सचिव।

ज्ञापांक -प.नि. 30-94/2016 - 4230 पटना, दिनांक - 14.12.23

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12/23

सचिव।

ज्ञापांक -प.नि. 30-94/2016 - 4230 पटना, दिनांक - 14.12.23

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12/23

सचिव।